*नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

**भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद प्रायोजित, संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र द्वारा**

## हिंदी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

## आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव पर होगा विमर्श

वर्धा, दि.27 जुलाई 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के “संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र द्वारा आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव” विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी का आयोजन 28 से 30 जुलाई को किया जा रहा है। संगोष्ठी में मुद्रित एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों तथा आध्यात्म जगत की नामचीन हस्तियां मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम का उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीशवर मिश्र की अध्यक्षता में 28 को प्रात: 10.30 बजे हबीब तनवीर सभागार में होगा। उदघाटन समारोह में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व कुलपति अच्युतानंद मिश्र मुख्य अतिथि होंगे तथा मुख्य वक्तव्य कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. मानसिंह परमार तथा दूरदर्शन समाचार, नई दिल्ली के परामर्श संपादक के. जी. सुरेश देंगे। कार्यक्रम में बीज वक्तव्य पूर्व निदेशक मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी प्रो. राम मोहन पाठक देंगे। कार्यक्रम में सार वक्तव्य विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र देंगे तथा स्वागत वक्तव्य एवं अतिथि का परिचय विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय ‘अंकित’ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी संयोजक एवं सहायक प्राध्यापक, संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र डॉ. अख्तर आलम करेंगे।



उदघाटन सत्र के बाद लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं टीवी एंकर डॉ. मुकेश कुमार की अध्यक्षता में जनमाध्यमों के सरोकार विषय पर विमर्श होगा जिसमें वरिष्ठ कार्टूनिष्ट मो. इरफान खान, समय राजस्थान न्यूज चैनेल के संपादक रवि पराशर सहभागी होंगे। सत्र में मूल्यानुगत मीडिया के संपादक एवं शिक्षाविद प्रो. कमल दीक्षित बीज वक्तव्य देंगे। स्वामी

रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड के मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. दीपक शिंदे सार वक्तव्य देंगे। 28 को अपराहन के सत्र में 'मीडिया के समकालीन प्रश्न' विषय पर मीडिया के नामचीन चेहरों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु झींगरन, पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक दूरदर्शन करेंगे। चर्चा में प्रो. प्रदीप माथुर, मुकेश कुमार, मो. इरफान खान, रवि पराशर, कुमार ताले, आशीष द्विवेदी, डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा सहभागी होंगे।

29 को मीडिया, संस्कृति और बाजार विषय पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. विजय धारूरकर की अध्यक्षता में विमर्श होगा जिसमें मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के एसो. प्रो. डॉ. मो. फरियाद, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि, रायपुर के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, इंक मीडिया इंस्टीटयूट ऑफ मास कम्यूनिकेशन, सागर के निदेशक आशीष द्विवेदी भाग लेंगे। सत्र का बीज वक्तव्य वरिष्ठ पत्रकार प्रो. श्याम कश्यप देंगे तथा सार वक्तव्य प्रो. सार वक्तव्य  प्रो. राम मोहन पाठक देंगे। इसी दिन आध्यात्मिकता और मीडिया विषय पर प्रो. कमल दीक्षित की अध्यक्षता में प्रो. दीपक शिंदे, डॉ. भीमराव अंबेडकर आगरा विवि के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. गिरीजा शंकर शर्मा वक्तव्य देंगे। बीज वक्तव्य महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के पत्रकारिता विभाग पूर्व अध्यक्ष डॉ. अर्जुन तिवारी देंगे तथा सार वक्तव्य दूरदर्शन के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक प्रभु झींगरन देंगे। 30 जुलाई को मीडिया का राजनीतिक अर्थशास्त्र, अभिव्यक्ति का विस्तार विषय पर विमर्श होगा। सत्र की अध्यक्षता डॉ. अर्जुन तिवारी करेंगे। सत्र में डॉ. वि. ल. धारूरकर तथा बहुवचन के संपादक अशोक मिश्र वक्तव्य देंगे तथा विवि के प्रदर्शनकारी कलाएं विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा बीज वक्तव्य देंगे। सार वक्तव्य दैनिक भास्कर नागपुर के संपादक मणिकांत सोनी देंगे।

संगोष्ठी का समापन 30 जुलाई को पूर्वाहन 11.45 बजे होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक भास्कर के समूह संपादक प्रकाश दुबे उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्तव्य प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा जय महाकाली शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री देंगे। समारोह में रिपोर्ट प्रस्तुति अनुपमा कुमारी करेंगी। प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सेमिनार के मुख्य संयोजक प्रो. अनिल कुमार राय ने सेमिनार के महत्ता को बताते हुए कहा कि सेमिनार में संबंधित विभिन्न विषयों पर होने वाले अनेक चर्चाओं और प्रस्तुतियों से सेमिनार के प्रतिभागियों को लाभ पंहुचेगा तथा शोधार्थियों, छात्र-छात्राओं के बीच एक रचनात्मक और सृजनशीलता की स्थापना होगी। इस राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी में लगभग 15 विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शोधार्थी और मीडिया संस्थानों के विद्वान शिरकत कर रहे हैं तथा लगभग 200 शोध पत्रों और आलेखों का वाचन सात समानांतर सत्रों किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए ओपेन मीडिया क्विज कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। संगोष्ठी में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 'किस्सागोई' कार्यक्रम भी आयोजित है। संगोष्ठी का लाभ लेने की अपील संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रा. अनिल कुमार राय एवं संगोष्ठी संयोजक डॉ. अख्तर आलम ने की है।

## भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद प्रायोजित, संचार व मीडिया अध्ययन केंद्र द्वारा
## आध्यात्मिकता, मीडिया आणि सामाजिक बदल विषयावर
## हिंदी विश्वविद्यालयात तीन दिवसीय राष्ट्रीय चर्चासत्र आजपासून

**व**र्धा, दि.27 जुलै 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील "संचार व मीडिया अध्ययन केंद्राच्या वतीने आध्यात्मिकता, मीडिया आणि सामाजिक बदल विषयावर तीन दिवसीय राष्ट्रीय चर्चासत्राचे आयोजन 28 ते 30 जुलै रोजी करण्यात आले आहे. चर्चासत्राचे उदघाटन कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर  मिश्र 28 ला 10.30 वा. हबीब तनवीर सभागृहात करतील.

यावेळी माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता, संचार विश्वविद्यालय, भोपाळचे माजी कुलगुरु अच्युतानंद मिश्र मुख्य अतिथी असतील. मुख्य वक्ता म्हणून कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता व जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपूरचे कुलगुरु प्रो. मानसिंह परमार तथा दूरदर्शन समाचार, नवी दिल्लीचे सल्लागार संपादक के. जी. सुरेश उपस्थित राहतील. बीज भाषण मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसीचे पूर्व निदेशक प्रो. राम मोहन पाठक देतील. सार वक्तव्य प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र देतील तर स्वागत भाषण संचार व मीडिया अध्ययन केंद्राचे निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय 'अंकित' देतील. चर्चासत्रात विविध विषयांवर चर्चा होणार असून देशभरातील संपादक, पत्रकार, 10 हून अधिक विद्यापीठांतील प्राध्यापक आणि विद्यार्थी उपस्थित राहणार आहेत. चर्चासत्रात 200 हून अधिक शोधनिबंधाचे वाचन अपेक्षित आहे.

चर्चासत्राचा समारोप 30 जुलै रोजी 11.45 वा. होईल. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र राहतील. यावेळी प्रमुख पाहुणे म्हणून दैनिक भास्करचे समूह संपादक प्रकाश दुबे उपस्थित राहतील. मुख्य वक्तव्य प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र आणि जय महाकाली शिक्षण संस्थेचे अध्यक्ष पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री देतील. चर्चासत्राला उपस्थित राहण्याचे आवाहन संचार व मीडिया अध्ययन केंद्राचे निदेशक प्रा. अनिल कुमार राय आणि चर्चासत्राचे संयोजक डॉ. अख्तर आलम यांनी केले आहे.